>

Title: Need to provide pay, allowances and other service benefits to employees of Unit Run Canteens at par with employees of CSD.

**श्री राम सिंह कस्वां (चुरू):** लोक लेखा समिति ने वर्ष 2011-12 में अपनी 48वीं रिपोर्ट में यूआरसी (यूनिट रन कैन्टीन) के कर्मचारियों को सी.एस.डी. के कर्मचारियों के समान वेतन, भत्ते व अन्य सभी लाभ देने के लिए सिफारिश की थी, लेकिन मंत्रालय ने लोक लेखा समिति की 48वीं रिपोर्ट की सिफारिशों को नहीं मानते हुए पुनः लोक लेखा समिति को भिजवा दिया, जिसे लोक लेखा समिति ने मंत्रालय की रिपोर्ट को खारिज करते हुए दोबारा अपनी 75वीं रिपोर्ट में 48वीं रिपोर्ट को ही लागू करने की सिफारिश कर तीन माह के भीतर ठोस कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया था, लेकिन मंत्रालय ने आज तक लोक लेखा समिति की वर्ष 2011-12 की 48वीं रिपोर्ट को लागू नहीं किया है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि लोक लेखा समिति की वर्ष 2011-12 की 48वीं रिपोर्ट को जल्दी से जल्दी लागू करवाने का आदेश कर यूआरसी (यूनिट रन कैन्टीन) के कर्मचारियों को सी.एस.डी. कर्मचारियों के समान वेतन, भत्ते व अन्य सभी लाभ दिलवाने की कृपा करें, ताकि यूआरसी (यूनिट रन कैन्टीन) के सभी कर्मचारियों को न्याय मिल सके।